Title: Need to complete the construction of 132 K.V.A. sub-station at Dumariyaganj.

श्री रामपाल सिंह (डुमरियागंज): महोदय, हमारे संसदीय जनपद सिद्धार्थनगर, उ.प्र. में बिजली की भारी कमी है जिसकी वजह से इस जनपद में औद्योगिक विकास नहीं हो रहा है। इस जनपद में एक १३२ के.वी.ए. का एक सब स्टेशन डुमरियागंज में वर्ष १९८९ से निर्माणाधीन है जोकि केन्द्र के पावर फाइनेंशियल कार्पोरेशन के द्वारा स्वीकृत हुआ था और जिसका शिलान्यास तत्कालीन केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने किया था। इस पर सरकार का लगभग तीन करोड़ रुपया व्यय हो चुका है और सब स्टेशन पर लगभग ७० प्रतिशत और लाईन पर तीस प्रतिशन कार्य पूरा हो चुका है। धनाभाव में इस पर निर्माण लगभग पिछले पांच-छः वर्षों से बन्द पड़ा है। मैंने कई बार इसके विषय में प्रश्न उठाए हैं लेकिन अभी तक कार्य नहीं हो रहा है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इसको शीघ्र पूरा कराया जाए तथा एक और १३२ के.वी.ए. का सब-स्टेशन जिला मुख्यालय सिद्धार्थनगर में निर्माण कराया जाए, जिससे इस जनपद का औद्योगिक विकास हो सके।